Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-10-2022 | अंक 364

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विष्णुगढ़ में लगातार बारिश से कच्चा मकान गिरा



विष्णुगढ़ प्रखण्ड में जहाँ एक ओर लोग बुधवार को दशहरे की मस्ती में डूबे थे। वहीं उसी रात बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बा. रिश से विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत बेड़ा हरियारा पंचायत के सुरेन्द्र गंझू का कच्चा मकान धराशाई हो गया। घटना के समय सुरेन्द्र गंझू का पूरा परिवार उसी घर मे सो रहे थे, गनीमत रही कि मकान टूटकर उनलोगों पर नही गिरा, जिससे बड़ी अनहोनी की घटना टल गई। मकान के ढहने से सुरेन्द्र गंझू का परिवार काफी दुखी एवं चिंतित है। उनकी आर्थिक स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। इधर, परिजनों ने रातभर खुले आसमान के नीचे बच्चो संग रतजगा करके गुजारा। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने स्थानीय मुखिया को घटना की जानकारी दी और अपनी दुख के निदान की गुहार लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करवाने की मांग की। मुखिया रामचंद्र यादव ने विष्णुगढ़ प्रखंड के अधिकारियों से बातकर समस्या ने निदान का भरोसा दिया है।

### पूजा ज्वेलर्स का हुआ उदघाटन




बरही । विजयादशमी के दिन बरही चौक स्थित मछली मार्केट के सामने पूजा ज्वेलर्स प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ । प्रतिष्ठान के संचालक अमित सोनी के द्वारा पूजा अर्चना कर दुकान का श्रीगणेश किया गया । उन्होंने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में सोने, चाँदी के फैंसी व आकर्षक आभूषण उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं । वह पिछले कई वर्षो से इस व्यवसाय से जुड़े हुए है । उन्होंने बताया कि आज उनके ग्राहक दुकान से संतुष्ट है। उन्होंने हमेशा ग्राहकों की संतुष्टि व पसंद का ख्याल रखा है । इस अवसर पर उनके शुभेच्छुओं ने उनके नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं दी है ।

# बरही में धूमधाम से संपन्न हुआ विजयदशमी का त्यौहार

## प्रखंड मैदान में हुआ रावण दहन, उमड़ी दर्शकों की भीड़



विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य



जलता हुआ रावण का पुतला



पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



रावण दहन देखने उमड़ी भीड़

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के प्रखंड मैदान में रावण दहन कार्यक्रम के साथ ही 10 दिनों से चला आ रहा नवरात्र एवं विजय दशमी का त्योहार शांति एवं सौहार्द वातावरण में सम्पन्न हो गया। प्रखंड मैदान में हजारों की संख्या में असत्य पर सत्य की एवं अधर्म पर धर्म जीत के गवाह बने। रावण राम के हाथो मारा गया। असत्य के प्रतीक रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का करीब 50 फीट का पुतला 10 मिनट में ही जलकर राख हो गया। सभी पुतला पटाखा से भरा हुआ था। पटाखों और जय श्री राम की नारों से पूरा बरही प्रखंड मैदान गूंज उठा। इस मौके पर बरही विधायक बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव , 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, बीडीओ सी.आर.इंदवार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी सहित दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी वा कार्यकर्ता हर मोर्चे पर मुस्तैद दिखे। रावण दहन देखने के लिए भीड़ इतनी ज्यादा थी की लोगो को अंदर जाने के लिए जगह नहीं मिल रही थी। बहुत लोग दीवारों और प्रखंड मैदान के आस पास बने भवनों की छतों पर चढ़कर लोगो ने रावण दहन देखा। वही पूजा करने आए श्रद्धालुओं के सुरक्षा के लिए एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर खुद बरही चौक पर निगरानी कर रहे थे। वहीं सभी पंडालों सहित सभी छोटे बड़े मार्गो पर प्रशासन का पहरा था। रावण दहन को देखने के लिए इतना भीड़ थी की पूरा ग्राउंड को खाली होने में लगभग 40-45 मिनट का समय लगा। विजयदशमी को सौ. हार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में बरही प्रशासन का अहम योगदान रहा।

# प्रखंड परिसर में दुर्गा वाहिनी का शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न, महिलाओ में दिखा उत्साह

## सनातन समाज के नवनिर्माण में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण :-प्रीति

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विश्व हिंदू परिषद के संरक्षण में दुर्गा वाहिनी संयोजिका सरिता देवी के नेतृत्व में माताओं- बहनों एवं विहिप के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड परिसर में शस्त्र पूजन किया गया । जिसमें दुर्गा वाहिनी संयोजिका पारंपरिक शस्त्रों का पूजन अर्चन एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरही पश्चिमी के जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि सनातन समाज में महिलाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। महिलाओं के शास्त्र और शस्त्र ज्ञान से बच्चों में भी प्रतिभा का विकास होता है ।ऐसी स्थिति में हम माताओं और बहनों को विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के आयाम से जुड़कर कार्य करना चाहिए और संगठन द्वारा बताए गए सिद्धांतों और मापदंडों का अनुपालन करते हुए अपने बच्चों एवं समाज में अनुशासन और




नगर भ्रमन में शामिल दुर्गा वाहिनी से जुड़ी महिलाए

संस्कार भरने का कार्य करना चाहिए । कार्यक्रम का संचालन दुर्गा वाहिनी संयोजिका सरिता देवी ने किया इस कार्यक्रम में पलक कुमारी एवं उनके सहयोगी यों ने अपने गीत के माध्यम से संस्कार भरने का कार्य किया । शस्त्र पूजन के पश्चात महिलाओं का यह जत्था अपने पारंपरिक हथियारों से सुसज्जित होकर हजारीबाग रोड होते हुए सार्वज. निक दुर्गा पूजा समिति गया रोड के पंडाल में पहुंचे जहां दुर्गा चालीसा का पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रीति कुमारी, स्नेहा प्रिया ,सुजाता कुमारी ,ममता कुमारी, पूनम देवी, पूनम कुमारी, शशी कुमारी, उर्मिला देवी, ज्योति कुमारी ,उर्मिला देवी, रेनू देवी, जितनी देवी, शशि देवी ,संगीता देवी, मनीषा कुमारी के अलावा हिंदू परिषद विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला गोरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी ,प्रखंड उपाध्यक्ष संजय राणा, प्रखंड संयोजक नितेश कुमार ,सुरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकर्ता त्रिवेणी साहू, जिला के कार्यकर्ता राजेश केसरी ,अरविंद कुमार, परमेश्वर रजक, राजदेव यादव ,चेतलाल साहू ,दिनेश चंद्रवंशी, पिंटू केसरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कब्रिस्तान के विवाद में फसा महिला का शव, दोनो समुदायों में बढ़ा विवाद

### डीएसपी और थाना प्रभारी के पहल पर सुलझा मामला, शवगृह पहुँचा महिला का शव





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

यवनपुर पंचायत के मध्यगोपाली में एक महिला के मौत के बाद उसके पार्थिव शरीर को जलाने का दफनाने को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया। मामले ने इतना तूल पलड़ा की मामले ने हिन्दू मुस्लिम का रूप ले लिया। दोनो पक्षो से पहुँचे ने हंगामा शुरू दिया। माहौल बिगड़ता देख बरही डीएसपी नाजीर अख्तर और थाना प्रभारी शम्भू नन्द ईश्वर ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके वारदात पर पहुँच कर शव को अपने कब्जे में लेकर शव गृह हजारीबाग भेज दिया। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत्तक महिला के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार अब मुक्तिधाम हजारीबाग में परिजनों के उपस्थिति में हिन्दू रीति. रिवाज से किया जाएगा क्या है मामला रू बताया जाता है कि मध्यगोपाली निवासी रामचन्द्र भुइयाँ बीते कई वर्ष पूर्व अपना धर्मांतरण करवाकर इस्लाम धर्म को अपना लिया था। धर्मान्तरण के बाद रामचन्द्र राजस्थान चला गया और वही रहकर अपन जीवक. ोपार्जन करने लगा। बीते दो दिन पूर्व उसकी पत्नी की मौत हो गया। सूचना पाकर मध्यगोपाली पहुंचा और पत्नी को मुस्लिम रीतिरिवाज से शव को दफनाने की तैयारी चल रहा था जिसकी भनक आसपास के लोगों को लगा। सैकड़ो की संख्या में पहुँचे हिन्दू संगठन ने इसका विरोश किया और आधार कार्ड में अभी भी पति का नाम रामचन्द्र भुइयाँ का हवाला दिया। हिन्दू संगठन का मानना है कि महिला हिन्दू है और उसकी दाह संस्कार हिन्दू रीतिरिवाज से होना चाहिए, मुस्लिम पक्ष का मानना है कि रामचन्द्र व उसका परिवार धर्मान्तरण कर लिया है इसलिए उसका अंतिम संस्कार मुस्लिम रीति रिवाज से होना चाहिए।

## नम आंखों से भक्तों ने किया माँ दुर्गा का प्रतिमा विसर्जन

### प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकाला गया भव्य जुलूस





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत रसोईया धमना में माँ दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दस दिनों तक चला नवरात्र एवं दुर्गा पूजा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार को माँ दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें डोल-नगाड़ो के धुन पर भक्तों ने झूम-झूम कर जुलूस का शोभा बढ़ाया। रसोईया धमना दुर्गा मंदिर परिसर से प्रांरभ हुआ, विसर्जन जुलूस समस्त नगर भ्रमण करते हुए रसोईया धमना स्थित बढ़ाकर नदी गया, जहां भक्तों ने नम आंखों से माँ दुर्गा के प्रतिमा को जल में प्रवाहित कर क्षेत्र के लिए सुख-समृद्धि की कामना किया। वहीं विधि व्यवस्था को बनाये रखने में पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आए। जिसमें पुनिज़ह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा वाहिनी 203 के सबइंस्पेक्टर सह पीआरओ पंकज कुमार यादव सहित पुलिस बल मौजूद रहे। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राम लखन राम गुप्ता, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष टुकलाल साव, संयोजक प्रो बद्री साव, संरक्षक अशोक साव, तारकेश्वर साव, प्रो हिरामन साव, सुखदेव साव, पूजा समिति के सदस्य नितेश कुमार, राजदेव यादव, तपेश्वर साव, अरविंद कुमार, विकास साव, प्रभु साव, बीरेन्द्र कुमार, गिरजा साव, विजय कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, विश्वजीत सिंह, पंकज कुमार, अमर कुमार, सुमन कुमार, राजेश रंजन, लखन साव, लवकेश साव, गणेश साव, जयंत साव सहित सैकड़ों के संख्या में स्त्री-पुरुष भक्त मौजूद रहे।

## आदिवासी संस्कृति को जीवंत रखने में सहायक है जतरा मेला : उपायुक्त

### खोड़ाहर के जतरा टांड में जतरा मेला का आयोजन, नृत्य संगीत का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


संबोधित करती डीसी नैंसी सहाय

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के जतरा टांड में गुरुवार को जतरा मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर रौशनी तिर्की, आईएएस प्रशिक्षु शताब्दी मजूमदार, एसडीओ पूनम कुजूर एवं बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार, पदमा सीओ मो मुजाहिद, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया अनिता देवी, खिरोधर यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव एवं सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने संबोधित करते हुए कहा की जल, जंगल और जमीन से जुड़ा आदिवासी समुदाय का अपना एक अलग पारंपरिक रीति - रिवाज है। आपकी संस्कृति ही आपकी पहचान है। उन्होंने यह भी कहा की जतरा मेला जहां मनोरंजन का साधन है। वहीं अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक को जीवंत रखने का एक वृहत माध्यम है। साथ ही उन्होंने जतरा मेला के माध्यम से नाच गाना के साथ अपनी एकता - अखंडता को बरकार रखने की भी बात कही। कार्यक्रम में सभी अधिकारी एक साथ झूमते हुए दिखे। मौके पर मुखिया अनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, उपमुखिया रोहित यादव, कपिल कुमार सहित हजारों अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने किया डांडिया महोत्सव का शुभारंभ, महिलाओं ने डांडिया खेल सभी का मन मोहा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**


डांडिया महोत्सव का उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज यादव

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड बरही की ओर से गया रोड पूजा पंडाल में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एवं निर्देशन बेबी केशरी ने किया। डांडिया महोत्सव का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने डांडिया खेलकर किया। इस डांडिया नृत्य में स्थानीय लोगों ने पुरे उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और माता रानी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। शारदीय नवरात्री के महाष्टमी तथा महानवमी को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बरही प्रखंड अंतर्गत सार्वजनिक दुर्गा पुजा पंडाल गया रोड बरही, सार्वजनिक दुर्गा पुजा पंडाल श्रीनगर, सार्वजानिक पुजा पंडाल करियातपुर, सार्वज. निक दुर्गा पुजा पंडाल अफीम कोठी, सार्वजनिक दुर्गा पुजा पंडाल बरसोत, सार्वजनिक पुजा समिति चतरो पहुंचकर पुजा पंडालों में माता रानी के दरबार में शीश झुकाया और बरही विधानसभा में सुख समृद्धि, खुशहाली और समुचित विकास हेतु प्रार्थना किया। वही चतरो सार्वज. निक दुर्गा पुजा समिति की ओर से चतरो गांव के छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकर्म प्रस्तुत किया। इस मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गया रोड बरही में न्यू जनता सेनेटरी शोरूम का हुआ उद्घाटन, कई दिग्गज हुए उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल

### छठ पूजा तक हर समान में मिलेगी 5 प्रतिशत की छूट : बिनोद केशरी


शोरूम का उद्घाटन करते डीएस एवं डॉ अनिल कुमार



संचालक विनोद केशरी व मनोज केशरी





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड स्थित प्रतिष्ठित हार्डवेयर दुकान जनता हार्डवेयर ने एक कदम और बढ़ाते हुए अपना एक प्रतिष्ठान की ओपनिंग विजय दशमी के दिन खोला। न्यू जनता सेनेटरी शोरूम का उद्घाटन पूजा अर्चना के बाद बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी,अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रोपराइटर बिनोद कुमार केशरी एवं मनोज केशरी ने संयुक्त रूप से की। संचालक मनोज केशरी एवं बिनोद केशरी ने बताया कि उनके शो रूम में सेनेटरी का सभी तरह का सामान उचित दर पर उपलब्ध है। उनके शोरूम में नल, ,पेन, कमोड , सावर, बेबी टब सहित सेनेटरी का सभी तरह का सामान उपलब्ध है। बिनोद केशरी ने बताया कि उनके शोरूम में सभी सामान ब्रांडेड कंपनी का उपलब्ध है। ब्रांडेड कंपनी में रांडेड सक्षम, केरोविट कजरिया, एमआरएफ पेंट, जेसडब्लू (जिंदल) , डुलक्स पेंट, पर्ल कंपनी , फिनोलेक्स पाइप आदि कंपनी का शामिल है। कहा कि उनके शोरूम में हर समान पर फिलहाल 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह डिस्काउंट छठ पूजा तक जारी रहेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि समान की उपयोगिता की गारंटी है। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि इस तरह का शोरुम खुलने से चिप एन्ड बेस्ट क्वालिटी की समान आसानी से बरही में मिल पाएगी। डॉ अनिल कुमार ने कहा कि बरही का जनता हार्डवेयर दुकान यूं तो पहले से ही काफी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान है। एक और विंग खुलने से इसकी महत्ता और बढ़ेगी। मौके पर बेबी केशरी, नीलम केशरी, आशीष केशरी, जयराम केशरी, मनोज कुमार, संजीव कतारियार, अम्बिका सिंह, कामेश्वर सिंह, डॉ इबरार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने माता दरबार मे टेका मत्था, क्षेत्र में खुशहाली का किया कामना

### नौ दिनों तक भक्ति माहौल में डूबा रहा क्षेत्र : मनोज यादव





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

नव दुर्गा के नौवे अवतार का दर्शन करने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुँचे माता के दरबार। माता के चरणों मे मत्था टेक क्षेत्र में खुशहाली की कामना किया। इस दौरान सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति चौपारण, बहेरा, बसरिया, दैहर, सिंघरावां, पाण्डेयबारा, बहेरा, मानगढ़ में आयोजित दुर्गा पूजा में पूर्व विधायक सम्मिलित हुए। भिन्न भिन्न पूजा पंडालों में पहुँचे पूर्व विधायक का पूजा समिति ने माता का चुनरी व भगवा वस्त्र देकर समान्नित किया गया। पूजा समितियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि चौपारण में भक्ति का माहौल है। पूरा क्षेत्र माता के भक्ति में डूबा हुवा है। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा नेता राजेश सहाय, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, अशोक केशरी, शिव सिंह, रामचन्द्र सिंह, सहदेव प्रसाद यादव, आदित्य साव, विजय मधेसिया, लालेश साहू, दीपक गुप्ता, मनोज साव, उमेश साव, सुनील साव, छोटू चनद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति, अनिल पांडेय, रबिश सिंह, रोमियों राणा, पप्पू राणा, ईश्वरी यादव, रितेश सिन्हा, शिवकुमार यादव, प्रदीप स्वर्णकार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।










डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## फूड जंक्शन का विधायक ने उदघाटन किया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखंड बाज़ार रोड स्थित बुढ़िया माता मंदिर के समीप फूड जंक्शन का उदघाटन फीता काट कर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व प्रमुख रेणु देवी ने संयुक्त रूप से किया विधायक ने प्रतिष्ठान के संचालक शंकर प्रसाद ( बरवां) व तुलसी प्रसाद(कपका) को बधाई देते हुए कहा कि बरकट्ठा बाजार में इस तरह की आधुनिक सुख सुविधा से सुसज्जित होटल के खुलने से लोगो को सुविधाएं मिलेंगी पहले इस तरह की होटल जीटी रोड़ के आसपास ही रहती थी जहां फैमिली गैदरिंग में समस्या होती थी अब स्थानीय फैमिली ग्रुप अपना खान पान इस होटल में कर सकेंगे संचालक शंकर प्रसाद व तुलसी प्रसाद ने कहा की हमारे फूड जंक्शन में चाइनीज, साउथ इंडियन व भारतीय भोजन व फ़ास्ट फूड की उत्तम व्यवस्था री. जनेबल प्राइज पर उपलब्ध है वही स्थानीय लोगो को विशेष छूट दी जाएगी एक बार सेवा का मौका अवश्य दे उदघाटन के मौके पर प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रददेव प्रसाद, कपका पंचायत मुखिया कमलेश कुमार ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत साव, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, उमेंश चौधरी,यमुना साव, रीतलाल प्रसाद, गोपी प्रसाद, अर्जुन प्रसाद दिलीप प्रसाद , बिकी मंडल, मनोज प्रसाद, विनोद प्रसाद ,दीपक कुमार, राजकुमार प्रसाद, सत्यम भारती, बैजनाथ प्रसाद, महेश कुमार, जयकुमार गुप्ता, सूरज प्रसाद, दिलीप कुमार दास,रामजी मंडल, नाजा खां, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र साव, छोटू प्रसाद, नरेश मंडल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चंदवारा उच्च विद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा स्थित रामेश्वर मोदी महादेव मोदी उच्च विद्यालय चंदवारा के विद्यार्थियों व शिक्षकों के द्वारा विद्यालय व उसके आसपास के झाड़ियों को साफ सफाई किया गया एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पूरे विद्यालय के कैंपस एवं गली को साफ किया गया इस मौके पर विद्यालय शिक्षक ने बताया कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वास्थ्य मैं सुधार होता है एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होता है इसके लिए साफ सफाई करना हर एक विद्यार्थी का परम कर्तव्य होना चाहिए एवं सभी विद्यार्थी को अपने आसपास तथा जहां भी रहते हैं उसकी साफ-सफाई अवश्य करनी चाहिए इससे विद्यार्थियों को अच्छी स्वस्थ एवं अच्छी शिक्षा मिलती है इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं सैकड़ों विद्यार्थी ने स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया

## बड़कागांव प्रखंड में रही सांस्कृतिक कार्यक्रम की धुम

### दैनिक बाजार बड़कागांव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : अश्वनी दुर्गा पूजा को लेकर नवमी एवं दशमी की दिन पूजा पंडालों में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । जिसमें भारी संख्या में लोगों ने शिरकत किया और कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। बड़कागांव दैनिक बाजार में अध्यक्ष लालमणि महतो की अध्यक्षता एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार की संचालन में बच्चों के द्वारा डांस प्रतियो. गिता का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण कर बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिया। वही सांड गांव में दशमी की रोज आर्केस्ट्रा प्रोग्राम किया गया इसमें दूर से आए कलाकारों ने अपनी अपनी कलाकारी दिखलाया एवं लोगों को खूब मनोरंजन किया इसके अलावा नापो खुर्द गांव में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए लोगों ने खूब मनोरंजन किया। दैनिक बाजार बड़कागांव कार्यक्रम में शामिल लोगों में मुख्य रूप से कर्णपुरा क०लेज के प्राचार्य कृति नाथ महतो, राम लखन महतो, शशि कुमार बागे, दिनेश सिन्हा, लालमणि महतो ,दीपक कुमार, शहेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, शशि कुमार मेहता, सुशांत कुमार, सनी कुमार, सरोज कुमार ,जयराज कुमार किशोर कुमार वीरेंद्र कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## माता दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने भरा खोइछा

### दुर्गा मन्दिर में विवाहितों ने किया सिंदूर होली खेला

### बरकट्ठा में गुरुवार को हुआ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**


बरकट्ठा में माता दुर्गा को विदाई देते श्रद्धालु

बरकट्ठा बाजार में श्री दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा वासियों में भारी उत्साह से उत्सव मनाया गया। गुरुवार को माता दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया। जुलूस बरकट्ठा बाजार, डाकडीह, बरकट्ठा डीह, परबत्ता का भ्रमण करते हुए बेलवा नदी घाट में श्रद्धा भाव से विसर्जन किया गया। इसके पूर्व दुर्गा मंडप में माता दुर्गा की विदाई में महिलाओं ने खोइछा भरा। खोइछा देने के बाद विवाहित महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली व एक दूसरे को सिंदूर लगा कर मंगलकामना की । माता दुर्गा के श्रद्धालु भक्तों ने नम आंखों से माता की विदाई की। प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकाले गए जुलूस में प्रशासन और पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ शांति व्यवस्था को लेकर चुस्त रहे। मौके पर स्थानीय प्रशासन के सीओ श्रीकांत लाल मांझी, इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा, थाना प्रभारी विक्रम कुमार,दंडाधिकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहायक बीएफटी दिलीप कुमार दास पूर्व मुखिया बसन्त साव, संजय गुप्ता, पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव शंकर लाल, कोषाध्यक्ष महादेव साव, शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल, सचिव कोषाध्यक्ष बिनोद साव, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव,सुरेश यादव, महादेव साव, संजीत प्रसाद जागेश्वर यादव, इंद्रजीत प्रसाद, रामजी मंडल, गुडू राम, सुषेण पांडेय,धीरज गुप्ता, चंदन श्रीवास्तव, सूरज लाल सरजू साव,सिकन्दर यादव, सुमन गुप्ता, रवि गुप्ता, संजय गुप्ता, मिथलेश भारती,विक्की गुप्ता,रवि गुप्ता,रतन गुप्ता, छोटी यादव, मोनू मंडल, नरेश मंडल, संजय कुमार, मो गफ्फार खां, बिड्ढू मोदी,सत्यम भारती, पवन सोनी, महादेव साव, सतीश साव, चंदन मोदी, इंद्रदेव मोदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु विसर्जन जुलूस में शामिल थे

## बड़कागांव मे रावण दहन देखने उमड़े लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : दशहरा विजयादशमी के अवसर पर प्रखंड के कई गांव में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बड़कागांव मे प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान मे रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग रावण दहन देखने पहुंचे थे। बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो के द्वारा फीता काट्कर रावण दहन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के संयोजक पंकज महतो, पूजा समिति बड़कागांव अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सचिव अवध मेहता, कोषाध्यक्ष अमृत कुमार, उपाध्यक्ष सुधांशु शेखर, उपसचिव कुलेश्वर कुमार उर्फ पांडे संयोजक हुलास प्रसाद दांगी, संगठन मंत्री कमलेश कुमार, निरंजन कुमार ,मनोरंजन मंत्री सत्यजीत अलंकार, उपमनोरंजन मंत्री ,शत्रुघन कुमार , धीरज कुमार , मीडिया प्रभारी विकास राज, लाइट साउंड मनु कुमार, मीना कुमार, सजावट प्रभारी देवेंद्र कुमार ,धीरज कुमार ,कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र कुमार ,झम्मन प्रसाद ,रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, अजीत कुमार, संतोष कुमार ,घनश्याम कुमार एवं तमाम गुरु चट्टी कुशवाहा समाज के लोगों के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भक्तों ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में मां दुर्गा की प्रतिमा को विदाई देते श्रद्धालु

विष्णुगढ़ और इसके आसपास के इलाकों में नवरात्र एवं दशहरा का त्योहार धूमधाम से संपन्न हो गया। नवरात्र के समापन के पश्चात विजयादशमी को प्रखंड क्षेत्र के महंथ अखाड़ा चौक, करगालो, मड़मो, गाल्होबार, कोनार डैम क०लोनी, नरकी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मातारानी से सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। भव्य विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों के बीच जय माता दी की जयकारों से इलाका गूंज उठा। सभी ने अगले बरस तू जल्दी आना मां का जमकर जयकारा लगाया। महंथ अखाड़ा में विसर्जन शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई कसेरा मुहल्ला स्थित बड़की बांध पहुंची। जहां मां की प्रतिमा को नम आंखों से विसर्जन किया गया। इसके पूर्व महिलाओं ने मां दुर्गा के विदाई के समय मातारानी को खोइछा देने के बाद सिंदूर खेला कर अखंड सुहाग की कामना की। रमुवां स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में स्थापित मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को किया जाएगा। वहीं, गोविन्दपुर में स्थापित प्रतिमा का गुरुवार को जोड़ा तालाब में विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की टीम मुस्तैद रही।

## दसवीं तिथि को शुभ मुहूत में सायल बगीचा में किया गया वीर कुँवर सिंह धर्मशाला निर्माण का भूमिपूजन

### दजनो लोग बने इसका गवाह,एक करोड़ के लागत से बनेगा भवन






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के सायल बगीचा स्थित यज्ञशाला के समीप दशहरा के दिन दशमी तिथि को वीर कुंवर सिंह धर्मशाला निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया।भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया,तथा भूमि में ईंट डालकर भूमि पूजन किया गया।तथा इस कार्य को करवाने और करने का जिम्मा दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा के बैनर तले किया जा रहा है। सभा के सभापति गोपाल सिंह एवं सत्येंद्र नारायण सिंह ने विधिवत पूजा कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी।इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के अलावा अन्य कई समाज के भी लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि वीर कुँवर सिंह धर्मशाला बन जाने से क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह के मौके पर सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला निर्माण में लागत लगभग एक करोड़ रुपए से भी ऊपर की होगी। उन्होंने विशेषकर क्षत्रिय बंधुओं से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा चंदा देकर इस भवन निर्माण में योगदान दें।वही क्षत्रिय समाज के लोगों ने भूमि दाता बढ़ो साव के दोनों पुत्रों महेंद्र प्रसाद केसरी एवं रामदेव प्रसाद केसरी का भी आभार जताया। वही भूमि दाता महेंद्र प्रसाद केसरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस धर्मशाला के निर्माण से क्षेत्र की बहुत ऐसी समस्याएं हैं जो दूर होंगी। लोगों को शादी विवाह के मौके पर सायल बगीचे में अच्छा से टेंट भी नहीं मिलता था अब उन्हें धर्मशाला निर्माण हो जाने से एक स्थाई टेंट मिल जाएगा। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज एक छतरी का काम कर रहे हैं उनके द्वारा इस धर्मशाला के निर्माण के बाद इस छतरी के नीचे कई लोग आएंगे। वही कार्यक्रम कार्यक्रम को सत्येंद्र सिंह, धमना से इशो सिंह खेरौन से सतेंद्र सिंह,बसन्त सिंह, कामाख्या सिंह राजेंद्र सिंह त्रखेलावन सिंह रामदेव सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कानीकेंद में कार्यरत 8 शिक्षक में सचिव सहित 6 शिक्षक गायब, बच्चे भी नदारद

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**




सतगावां प्रखंड के कई स्कूलों में शिक्षकों के गायब रहने का सिलसिला जारी है।कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन की ओर से हो रही लगातार स्कूलों का औचक निरीक्षण व दर्जनों शिक्षकों पर कार्रवाई के बाबजूद भी शिक्षक स्कूलों से बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जा रहे हैं।और शिक्षा विभाग के अधिकारी बेखबर हैं, दुर्गापूजा के छुट्टी के बाद छुट्टी खत्म होने के पहले दिन जब पत्रकारों की टीम व झामुमो छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार की ओर से गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों का औचक जायजा लिया गया इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय कानीकेंद में कार्यरत 8 शिक्षकों में 5 शिक्षक दीपक कुमार महतो,महेंद्र प्रसाद,अनिल कुमार,श्याम सुंदर प्रसाद, सलमा खातून आदि शिक्षक विद्यालय के शिक्षक उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति बनाकर गुरुवार को गायब पाए गए व सचिव संजीव कुमार छुट्टी पर थे वहीं विद्यालय के अन्य दो उपस्थित शिक्षक सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार कार्यालय कक्ष में आराम फरमा रहे थे और बच्चे नदारद थे वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने बताया कि आवेदन डालकर छुट्टी लेकर निजी काम से हजारीबाग गए हुए हैं तो वहीं बीईईओ साहेब शकील अहमद ने कहा कि विद्यालय के सही संचालन के लिए कई बार निर्देश दिया गया है। जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उपस्थिति बनाकर गायब होने वाले शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने को लेकर उदासीनता अच्छी बात नहीं है व विद्यालय से गायब होने वाले शिक्षकों के प्रति उचित कार्रवाई करेंगे।

## शांति व शौहार्द से मना दुर्गा पूजा,कई जगहों पर प्रतिमा का हुआ विषर्जन

### प्रशासन रही मुस्तैद,सभी पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट की हुई थी प्रतिनियुक्ति






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी प्रखंड में दशहरा का पर्व शांति व सौहार्द रूप में संपन्न हुआ। प्रखंड के कई पूजा पंडालों के द्वारा मूर्ति का विसर्जन भी एकादशी तिथि को की गई। वहीं कई पूजा पंडालों के द्वारा शुक्रवार को मूर्ति का विसर्जन करेंगे। लगातार नौ दिनों तक भक्ति में डूबा कान्हाचट्टी प्रखंड जगह जगह पर कई जगह दशहरा के मौके पर पूजा पंडाल के कमेटियों के द्वारा नाट्य कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। तुलबुल,चिल्हिया एवं बाराबागी गांव में लगातार तीन–चार दिनों तक नाट्य कला का प्रदर्शन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। वहीं राजपुर दुर्गा पूजा समिति के द्वारा लगातार तीन दिनों तक डांडिया का आयोजन किया गया। डांडिया में स्थानीय बच्चियों ने जमकर अपनी जोहर दिखलाएं।वही पूजा समिति के द्वारा भक्तों को मां के दर्शन कराने के लिए सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों ने अपने–अपने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए थे, जिससे हुड़दंग पर नजर लगा रहा । दूसरी तरफ प्रखंड प्रशासन एवं राजपुर थाना प्रशासन ने सभी पूजा पंडालों में लगातार भ्रमण कर सुरक्षा पर पैनी नजर रखे हुए थे।अंचल अधिकारी हुलास महतो ने कहा कि प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे। किसी भी स्थिति में और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमारी पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखे। तुलबुल,चिल्हिया एवं बाराबागी गांव में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत करने के बाद पूरे रात रात भर मनोरंजन का लुफ्त ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष तथा बच्चे उठाते रहे।कई जगहों पर नवमी और दशमी तिथि को मां के भोग लगाकर खिचड़ी का वितरण किया गया।पेलतौल मध्य विद्यालय, शायल, बैदबीघा,बड़वार,गड़िया गांव में भी पूजा के मौके पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।




